**नवोदय विद्यालय समिति**

**द्वितीय प्री बोर्ड परीक्षा प्रश्न पत्र (2023-24)**

**विषय - हिन्दी (आधार) (कोड-302)**

**कक्षा - बारहवीं**

**परीक्षा अवधि - 03 घंटे** | **अधिकतम अंक - 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-

1) इस प्रश्न पत्र में खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्न पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 14 है।

2) खंड 'अ' में उप- प्रश्नों सहित 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

3) खंड 'ब' में 08 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

4) दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

5) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

6) इस प्रश्नपत्र में कुल मुद्रित प्रष्ठों की संख्या 11 है।

---

## खंड-अ (बहुविकल्पीय प्रश्न)

## अपठित बोध

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, दिये गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-** **1 × 10 = 10**

भारत प्राचीनतम संस्कृति का देश है। यहाँ दान पुण्य को जीवनमुक्ति का अनिवार्य अंग माना गया है। जब दान देने को धार्मिक कृत्य मान लिया गया तो निश्चित तौर पर दान लेने वाले भी होंगे। हमारे समाज में भिक्षावृत्ति की ज़िम्मेदारी समाज के धर्मात्मा, दयालु व सज्जन लोगों की है। भारतीय समाज में दान लेना व दान देना- दोनों धर्म के अंग माने गए हैं। कुछ भिखारी खानदानी होते हैं क्योंकि पुश्तों से उनके पूर्वज धर्म स्थानों पर अपना अड्डा जमाए हुए हैं। कुछ भिखारी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जो देश में छोटी-सी विपत्ति आ जाने पर भीख का कटोरा लेकर भ्रमण के लिए निकल जाते हैं। इसके अलावा अनेक श्रेणी के और भी भिखारी होते हैं। कुछ भिखारी परिस्थिति से बनते हैं तो कुछ बना दिए जाते हैं। कुछ शौकिया भी। इस व्यवसाय में आ गए हैं। जन्मजात भिखारी अपने स्थान

निश्चित रखते हैं। कुछ भिखारी अपनी आमदनी वाली जगह दूसरे भिखारी को किराए पर देते हैं। आधुनिकता के कारण अनेक वृद्ध मजबूरीवश भिखारी बनते हैं।

गरीबी के कारण बेसहारा लोग भीख माँगने लगते हैं। काम न मिलना भी भिक्षावृत्ति को जन्म देता है। कुछ अपराधी बच्चों को उठा ले जाते हैं तथा उनसे भीख मँगवाते हैं। वे इतने हैवान हैं कि भीख माँगने के लिए बच्चों का अंग भंग भी कर देते हैं। भारत में भिक्षा का इतिहास बहुत पुराना है। देवराज इंद्र व विष्णु श्रेष्ठ भिक्षुकों में थे। इंद्र ने कर्ण से अर्जुन की रक्षा के लिए उनके कवच व कुंडल ही भीख में माँग लिए। विष्णु ने वामन अवतार लेकर भीख माँगी। धर्मशास्त्रों ने दान की महिमा का बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किया जिसके कारण भिक्षावृत्ति को भी धार्मिक मान्यता मिल गई। पूजा स्थल, तीर्थ, रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, गली-मुहल्ले आदि हर जगह भिखारी दिखाई देते हैं। इस कार्य में हर आयु का व्यक्ति शामिल है। साल-दो साल के दुध मुँहे बच्चे से लेकर अस्सी- नब्बे वर्ष के बूढे तक को भीख माँगते देखा जा सकता है।

भीख माँगना भी एक कला है, जो अभ्यास या सूक्ष्म निरीक्षण से सीखी जा सकती है। अपराधी बाकायदा इस काम की ट्रेनिंग देते हैं। भीख रोकर, गाकर, आँखें दिखाकर या हँसकर भी माँगी जाती है। भीख माँगने के लिए इतना आवश्यक है कि दाता के मन में करुणा जगे। अपंगता, कुरूपता, अशक्तता, वृद्धावस्था आदि देखकर दाता करुणामय होकर परंपरा निर्वाह कर पुण्य प्राप्त करता है।

**i. गद्यांश के लिए सर्वश्रेष्ठ शीर्षक है -**

क. भिक्षावृत्ति एक व्यवसाय ख. व्यवसाय

ग. भिक्षावृत्ति घ. एक व्यवसाय

**ii. भारत में जीवन मुक्ति का अनिवार्य अंग किसे माना गया है ?**

क.दान-पुण्य को ख.केवल दान को

ग.केवल पुण्य को घ. संस्कृति को

**iii. धर्मशास्त्रो में किसे धार्मिक मान्यता प्राप्त है ?**

क. दान को ख. पुण्य को

ग. भिक्षावृत्ति को घ. करुणा का

**iv. भिखारी दाता के मन में किस भाव को जगाते हैं?**

क. करुणा के ख. अहंकार के

ग. दानी के घ. अशक्तता के

**v. भिक्षावृत्ति से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है?**

क. भीख माँगने की प्रवृत्ति को छोड़कर

ख. उसे धर्म के प्रभाव से अलग करके

ग. उसे समाज से अलग करके

घ. उसे दानियों से अलग करके

**vi. भीख माँगने की कला को कैसा सीखा जा सकता है?**

क. अभ्यास व सूक्ष्म निरीक्षण से

ख. केवल अभ्यास से

ग. केवल सूक्ष्म निरीक्षण से

घ. केवल भीख माँगकर

**vii. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

i. भारत में भिखारी का एक धार्मिक महत्व है।

II. विष्णु सर्वश्रेष्ठ भिखारी की श्रेणी में आते हैं।

III. भिखारी भी एक कलाकार होता है।

उपरिलिखित कथनों में से कौन सही है/हैं?

क. I और II

ख II और III

ग I और III

घ. I, II और III

**viii. बेसहारा लोग किस कारणवश भीख माँगते हैं?**

क. गरीबी के कारण

ख अभ्यास के कारण

ग. करुणा के कारण

घ. दिखावे के कारण

**ix. वृद्ध मजबूरीवश भिखारी किस कारण से बनते हैं?**

क. पुरातनता के कारण

ख. नवीनता के कारण

ग. आधुनिकता के कारण

घ. परम्परा के कारण

**x. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

कथन (A): भारत में भिक्षा का इतिहास नवीन है।

कारण (R): भीख के करुणा एक आवश्यक आवलंब है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

घ. कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, दिये गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-** **$1 \times 05 = 05$**

लोहे के पेड़ हरे होंगे, तू गान प्रेम का गाता चल,
नम होगी यह मिट्टी जरूर, आँसू के कण बरसाता चल ।
सिसकियों और चीत्कारों से, जितना भी हो आकाश भरा,
कंकालों का हो ढेर, खप्परों से चाहे हो पटी धरा ।
आशा के स्वर का भार, पवन को लेकिन, लेना ही होगा,
जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा।
रंगों के सातों घट उड़ेल, यह अँधियाली रंग जाएगी,
उषा को सत्य बनाने को जावक नभ पर छितराता चल ।
आदर्शों से आदर्श भिड़े, प्रज्ञा प्रज्ञा पर टूट रही,
प्रतिमा प्रतिमा से लड़ती है, धरती की किस्मत फूट रही
आवर्तों का है विषम जाल, निरुपाय बुद्धि चकराती है,
विज्ञान-यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है।
जब-जब मस्तिष्क जयी होता, संसार ज्ञान से चलता है,
शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल ।

**i. लोहे के पेड़ किसके प्रतीक हैं ?**

(क) नकली पेड़ (ख) मशीनों (ग) मशीनी संस्कृति (घ) विज्ञान

**2. नम होगी यह मिट्टी जरूर कहकर कवि किस ओर संकेत कर रहा है?**

क) प्रेम के बल पर शुष्क हृदयों में भाव भरे जा सकते हैं

(ख) वर्षा न होने के कारण सूखी मिट्टी वर्षा आने पर नम जरूर हो जाएगी

ग) सूखी आंखें फिर आंसुओं से नम हो जाएंगी

(घ) इतने आंसू बहाओ की मिट्टी गीली हो जाए

**3. दुख और निराशा के वातावरण में मनुष्य का क्या कर्तव्य होना चाहिए ?**

(क) आदर्शों पर चले
(ख) आशा का संचार करें

(घ) विज्ञान यान पर सवार हो
(ग) मिट्टी नम करें

**4. प्रेम की भावना से इस भौतिक बौद्धिक संसार पर विजय पाई जा सकती है यह व्यंजित हो रहा है ?**

(क) जीवित सपनों के लिए मार्ग मुर्दों को देना ही होगा

(ख) आशा के स्वर का भार पवन को लेकिन लेना ही होगा

(ग) जब जब मस्तिष्क जयी होता संसार ज्ञान से चलता है

(घ) शीतलता की है राह हृदय, तू यह संवाद सुनाता चल

**5. काव्यान्श का मूल स्वर और चेतना क्या है ?**

(क) प्रगतिवादी
(ख) आशावादी

(ग) आदर्शवादी
(घ) अध्यात्मवादी

**प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों में से उचित विकल्प का चयन कीजिये -** **1 × 05 = 05**

**1) भारत में प्रथम छापेखाने का स्थापना वर्ष एवं स्थान -**

क) 1597, कलकत्ता ख) 1586, मद्रास ग) 1556, गोवा घ) 1537, सूरत

**2) सुमेलित कीजिये-**

| | **कॉलम "क"** | | **कॉलम "ख"** |
|---|---|---|---|
| **अ** | टी.वी. न्यूज़ एंकर की घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शियों से सीधी बात | **1)** | डेडलाइन |
| **ब** | समाचार प्रस्तुति की एक निश्चित अवधि | **2)** | ड्राइ एंकर |
| **स** | टी.वी. न्यूज़ एंकर के पास घटना की पूर्ण जानकारी उपलब्ध न होने की स्थिति | **3)** | एंकर पैकेज |
| **द** | चित्र, वीडियो, ग्राफिक्स आदि सम्पूर्ण माध्यम से समाचार प्रस्तुतीकरण | **4)** | एंकर बाइट |

**क)-** अ-4, ब-2, स-1, द-3

**ख)-** अ-4, ब-1, स-2, द-3

**ग)-** अ-3, ब-1, स-2, द-4

**घ)-** अ-1, ब-3, स-2, द-4

**3) निम्नलिखित में से समाचारपत्र की आवाज़ किसे माना जाता है-**

क) स्तंभ लेखन ख) आलेख लेखन ग) संपादकीय घ) विशेष लेखन

**4) भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का दूसरा दौर कब से शुरू हुआ -**

क) 2000 ख) 2003 ग) 2002 घ) 2001

**5) रेडियो कॉपी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से सही कथन छाँटिए-**

कथन(1)- रेडियो कॉपी डबल स्पेस में टाइप होनी चाहिए।

कथन(2)- रेडियो कॉपी ट्रिपल स्पेस में टाइप होनी चाहिए।

कथन(3)- रेडियो कॉपी में 11 से 999 तक की संख्याएँ अंकों में लिखी जाती हैं ।

कथन(4)- रेडियो कॉपी में खेल के आंकड़ें पूर्णांक में लिखते हैं ।

क) कथन 1,2 ,4 सही हैं ख) कथन 3 और 4 सही हैं

ग) कथन 2 और 3 सही हैं घ) कथन 1 और 4 सही हैं

**प्रश्न 4-निम्नलिखित पठित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, दिये गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-** **1 × 05 = 05**

"जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना ।।
असमम जिवन बंधु बिन तोही। जौं जड़ दैव जिआवै मोही ।।
जैहउँ अवध कवल मुहँ लाई। नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई ।।
बरु अपजस सहतेउँ जग माहीं। नारि हानि बिसेष छति नाहीं ।।"

**1. दिए गए पद्य में श्रीराम ने किसके महत्व को दर्शाया है?**

क). भाई का ख) पत्नी का ग) मित्र का घ) पिता का

**2. दिए गए कथन तथा तर्क को पढ़कर दिए गए उत्तरों से सही विकल्प चुनिए -**

**<u>कथन</u>-** राम चिंतित हैं कि अयोध्या जाकर लोगों का सामना कैसे करेंगे?
**<u>तर्क</u>-** लोग यह आरोप लगाएँगे कि राम ने पत्नी के लिए प्रिय भाई को खो दिया।

क). केवल कथन सही है　　　　　　　　　　　　ख) केवल तर्क सही है

ग). कथन तथा तर्क दोनों सही है।　　　　　　　　घ). कथन तथा तर्क दोनों सही नहीं है

**3. पद्यांश में किस अपयश की बात कही गयी है?**

क) भाई की मृत्यु का अपयश　　　　　　　　　　ख) पत्नी के अपहरण का अपयश
ग) पिता की मृत्यु का अपयश　　　　　　　　　　घ) युद्ध की हार का अपयश

**4. राम की आँखों से बहने वाले आँसुओं से क्या प्रतीत होता है?**

क). भाई के प्रति प्रेम　　　　　　　　　　　　ख). युद्ध में आसन्न पराजय का बोध

ग). असहायता का बोध　　　　　　　　　　　　घ). इनमें से कोई नहीं

**5. लक्ष्मण के अभाव में राम ने अपने जीवन की तुलना किससे नहीं की है?**

क). बिना सूँढ के हाथी से　　　　　　　　　　　ख). बिना मणि के साँप से

ग). बिना पंख के पक्षी से　　　　　　　　　　　घ). बिना जल के सागर से

**प्रश्न-5 निम्नलिखित पठित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, दिये गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-** **$1 \times 05 = 05$**

व्यक्ति विशेष के दृष्टिकोण से, असमान प्रयत्न के कारण, असमान व्यवहार को अनुचित नहीं कहा जा सकता। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षमता का विकास करने का पूरा प्रोत्साहन देना सर्वथा उचित है परंतु यदि मनुष्य प्रथम दो बातों में आसमान है तो क्या इस आधार पर उनके साथ भिन्न व्यवहार उचित है ? उत्तम व्यवहार के हक की प्रतियोगिता में वे लोग निश्चित ही बाजी मार ले जाएँगे, जिन्हें उत्तम कुल, शिक्षा, पारिवारिक ख्याति, पैतृक संपदा तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठा का लाभ प्राप्त होता है।

इस प्रकार पूर्ण सुविधा संपन्नों को ही 'उत्तम व्यवहार' का हकदार माना जाना वास्तव में निष्पक्ष निर्णय नहीं कहा जा सकता। क्योंकि यह सुविधा - संपन्नों के पक्ष में निर्णय देना होगा। अतः न्याय का तकाजा यह है कि जहां हम तीसरे ( प्रयासों की असमानता, जो मनुष्यों के अपने वश की बात है) आधार पर मनुष्यों के साथ असमान व्यवहार को उचित ठहराते हैं, वहा प्रथम दो आधारों (जो मनुष्य के अपने वश की बातें नहीं हैं) पर उनके साथ असमान व्यवहार नितांत अनुचित है और हमें ऐसे व्यक्तियों के साथ यथासंभव समान व्यवहार करना चाहिए। दूसरे शब्दों में, समाज को यदि अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त करनी है, तो यह तो संभव है जब समाज के सदस्यों को आरंभ से ही समान अवसर एवं समान व्यवहार उपलब्ध कराए जाएँ।

**i) लोगों के व्यवहार में जो असमानता दिखाई देती है, उसे अनुचित क्यों नहीं कहा जा सकता है ?**

क) व्यक्ति विशेष के अपने दृष्टिकोण के कारण
ख) प्रयासों में समानता न होने के कारण
ग) क्षमता विकास के अवसर में कमी
घ) क ख और ग तीनों

**ii) लोगों के व्यवहार में कब समानता आ जाती है ?**

क) हर व्यक्ति को अपने क्षमता के विकास का पूरा अवसर देने पर

ख) व्यक्तित्व विकास के अवसर की समानता मिलने पर

ग) शिक्षा के स्तर में भिन्नता बनाने पर

घ) क और ख दोनों

**(iii) उच्चवर्ग को उत्तम व्यवहार का हकदार मानना निष्पक्ष निर्णय नहीं है, इस संबंध में कौन- सी अवधारणा गलत है ?**

क) शिक्षा के अवसरों की उपलब्धता के कारण

ख) पारिवारिक ख्याति के प्रभाव के कारण

ग) क्षमता के विकास के अवसरों में कमी के कारण

घ) पैतृक संपदा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठा के लाभ के कारण

**iv) इनमें से कौन सा कथन न्याय का तकाजा है ?**

(क) व्यक्ति के साथ वंश के आधार पर व्यवहार

(ख) व्यक्ति के साथ समानता के आधार पर व्यवहार

ग) व्यक्ति के साथ सामाजिक उत्तराधिकार के आधार पर व्यवहार

घ) व्यक्ति की आर्थिक स्थिति के आधार पर व्यवहार

**v) समाज के सदस्यों को आरंभ से ही समान अवसर और समान व्यवहार उपलब्ध कराने का क्या परिणाम होगा-**

क) समाज अपने सदस्यों से अधिकतम उपयोगिता प्राप्त कर सकता है।

ख) समाज को कुछ अच्छे नागरिक प्राप्त होंगे।

ग) समाज को वर्ग भेद का अभिशाप झेलना होगा।

घ) समाज को अपना सच्चा उद्देश्य प्राप्त नहीं होगा।

**प्रश्न 6-निम्नलिखित प्रश्नों में से उचित विकल्प का चयन कीजिये-** **1 × 10 = 10**

**1) यशोधर बाबू को चड्ढा के 'समहाउ इंप्रापर' लगते थे-**

क) चौड़ी मोहरी वाली पतलून ख) ऊंची एड़ी वाले जूते

ग) विकल्प 'क' और 'ख' दोनों घ) इनमे से कोई नहीं

**2) ऑफिस से घर आते वक्त यशोधर बाबू को किस इलाके की बदलती सूरत देखकर दुख होता था ?**

क) डी.आई.ज़ेड इलाका ख) एक्स.वाई.ज़ेड इलाका

ग) एम.वाई.सी. इलाका घ) ज़ेड.डी.एल इलाका

**3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**कथन(A)-** यशोधर बाबू को 'गधा पचीसी' का दौर ना जी पाने का मलाल था ।

**कारण(R)-** बचपन में ही यशोधर बाबू के माता पिता की मृत्यु हो गयी थी ।

**क)** कथन(A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।

**ख)** कथन(A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन(A) की सही व्याख्या करता है ।

**ग)** कथन(A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।

**घ)** कथन(A) सही हैं परंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

**4) सिल्वर वैडिंग पार्टी के बाद यशोधर बाबू क्या पहनकर बैठक में आ गए थे ?**

क) तौलिया ख) कुर्ता ग) गमछा घ) कमीज़

**5) आनंदा का पिता दिन भर किसकी दूकान पर वक्त गुजारता था ?**

क) रुखसारबाई ख) मुमताज़बाई ग) रखमाबाई घ) केसरबाई

**6) प्रथम दिन जब आनंदा दोबारा पाठशाला गया उस दिन मास्टर रणनवरे ने कक्षा में क्या पढ़ाया ?**

क) कालिदास का नाटक ख) पाणिनी का व्याकरण

ग) वामन पंडित की कविता घ) इनमे से कोई नहीं

**7) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये -**

कथन-1 शुरुआत में आनंदा को बसंत पाटिल से ईर्ष्या हुई थी ।

कथन-2 मां आनंद को कम से कम आठवीं तक पढ़ना चाहती थी ।

कथन-3 आनंद के पिता ने उसे बिना शर्त स्कूल भेजने पर रजामंदी दी ।

कथन-4 गणित के मास्टर का नाम पाठ में मंत्री है ।

ऊपरी लिखित कथनों में से सत्य कथन कौन से हैं-

क) कथन 1,2,3,4 ख) कथन 1, 4 ग) कथन 1,3,4 घ) कथन 2,4

**8) 'अतीत के दबे पांव' पाठ में लेखक ने नागर भारत का सबसे पुराना लैंडस्केप किसे कहा है ?**

क) महाकुंड ख) सभा भवन ग) बौद्ध स्तूप घ)कोठार

**9) नर्तकी की कांसे की मूर्ति देखकर किसने कहा था कि संसार में इसके जोड़ की दूसरी चीज शायद ही होगी ?**

क) हेरल्ड हरग्रीवस ख) मॉर्टिमर वीलर ग) राखलदास बनर्जी घ) जॉन मार्शल

**10) मोहनजोदड़ो के खोदे गए खंडहरों को बचाना आज बड़ी चुनौती बन गया है क्योंकि-**

क) पाकिस्तान सरकार इन पुरातात्विक स्थलों के महत्व के प्रति उदासीन है

ख) सिंधु नदी में प्रतिवर्ष आती बाढ़

ग) सिंधु नदी के पानी के रिसाव से वहां दलदल और क्षार की समस्या बन गई है

घ) मिट्टी में मौजूद दीमक की समस्या

## खंड-'ब' (वर्णनात्मक खंड)

**प्रश्न-7 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-**

क) सोशल मीडिया में भटकता युवा वर्ग (06 अंक)

ख) डिजिटल लेनदेन(पेमेंट): क्रांतिकारी बदलाव

ग) खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब

**प्रश्न-8 निम्नलिखित प्रश्नों (<u>जिनमें प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिया गया है</u>) को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिये - (2+2=4)**

क) रेडियो नाटक एवं रंगमंच नाटक के मध्य मूलभूत अंतर को स्पष्ट कीजिए ?

**<u>अथवा</u>**

रटंत एक कुटेव क्यों है, कारण बताते हुए विवेचना कीजिए ?

ख) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते हुए "संवादहीन द्रश्यो" का प्रस्तुतीकरण किस प्रकार किया जाता है ?

**<u>अथवा</u>**

"अप्रत्याशित विषयों पर लेखन" से क्या तात्पर्य है स्पष्ट कीजिए ?

**प्रश्न-9 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये - (3+3=6)**

क) "*उल्टा पिरामिड शैली*" की प्रमुख विशेषताएं लिखिए ?

ख) "*बीट रिपोर्टिंग*" और "*विशेषीकृत रिपोर्टिंग*" के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए ?

ग) टेलीविजन पत्रकारिता में 'नेट साउंड' क्या है तथा इसका महत्व स्पष्ट कीजिए ?

## <u>पाठ्यपुस्तक आरोह भाग 2 पर आधारित प्रश्न</u>

प्रश्न-10 **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये -** **(3+3=6)**

क) भोर के नभ को <u>''राख से लीपा गीला चौका''</u> की संज्ञा दी गई है, क्यों ?

ख) "<u>मैं सीख रहा हूं सीखा ज्ञान भुलाना</u>" इस पंक्ति में कवि किस सीखे ज्ञान को भूलने की बात करता है स्पष्ट कीजिए ?

ग) 'कवितावली' में तुलसी ने अपने युग की आर्थिक दशाओं का सटीक विश्लेषण किया है सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न-11 **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिये -** **(2+2=4)**

क) "<u>*आंगन में ठुनक रहा है जिदयाया है*</u>" - पंक्ति के माध्यम से इस रुबाई में वर्णित बाल हठ का वर्णन कीजिए ?

ख) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है ?

ग) बादल राग कविता आपको जीवन के प्रति क्या संदेश देती है ?

प्रश्न-12 **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये -** **(3+3=6)**

क) 'बाजार दर्शन' पाठ में वर्णित "भरे मन", "खाली मन" तथा "बंद मन" के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए ?

ख) जाति प्रथा को श्रम विभाजन का एक रूप न मानने के पीछे अंबेडकर के क्या तर्क हैं ?

ग) "शिरीष के फूल" पाठ में लेखक ने सच्चा कवि बनने के लिए शिरीष से क्या प्रेरणा लेने के लिए कहा है ?

प्रश्न-13 **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिये -** **(2+2=4)**

क) लुट्टन पहलवान ढोल को ही अपना गुरु क्यों मानता था ?

ख) "काले मेघा पानी दे" संस्मरण में जल संकट की समस्या को भी उकेरा गया है स्पष्ट कीजिए ?

ग) "<u>*भक्तिन सेवक धर्म में हनुमान जी से प्रतिस्पर्धा करती है*</u>" इस कथन का विश्लेषण पाठ के आधार पर कीजिये ?

## <u>पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2 पर आधारित प्रश्न</u>

प्रश्न-14 **निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गए 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिये -** **(2+2=4)**

क) "सिल्वर वेडिंग" कहानी पीढ़ियों के अंतराल की समस्या को उठाती है, स्पष्ट कीजिए ?

ख) **<u>"आनंदा को कवि रूप में निखारने के वास्तविक प्रेरक मास्टर सौंदेलगेकर थे"</u>** - वाक्य को पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए?

ग) सिंधु सभ्यता में "भव्यता का आडंबर" नहीं मिलता है सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ?